**विधान परिषद के तृतीय सत्र 2023 के प्रथम गुरूवार के लिए निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-14 का उत्तर।**

<table>
<tr><th>प्रश्न</th><th>उत्तर</th></tr>
<tr><td>14(क) क्या पर्यटन मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश में पर्यटन के विकास हेतु कौन कौन सी योजनॉए संचालित की जा रही है उक्त योजनाओं से पर्यटकों को किस प्रकार और कितना लाभ प्राप्त हो रहा है?</td><td>
उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा प्रदेश में पर्यटकों व श्रद्धालुओं के सुविधार्थ पर्यटन अवस्थापना सुविधाओं के निर्माण एवं विकास हेतु जिला योजना, राज्य सेक्टर योजना, मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना, ईको-टूरिज्म एवं विभिन्न तीर्थ विकास परिषद आदि अंतर्गत योजनाओं का संचालन किया जाता है।
उपरोक्त योजनाओं के पूर्ण होने पर पर्यटकों/ श्रद्धालुओं को पर्यटन अवस्थापना सुविधाऐं यथा- शौचालय, यात्री शेड, बेंच, पेयजल व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, फर्श पाथवे, आवागमन, आवासीय सुविधा आदि का लाभ प्राप्त होता है।
उत्तर प्रदेश में पर्यटन अवस्थापना विकास के दृष्टिगत विगत वर्षों में प्रदेश के विभिन्न स्थलों पर आगमन करने वाले भारतीय एवं विदेशी पर्यटकों आदि से संबंधित पर्यटक सांख्यिकी का विवरण निम्नानुसार है-
वर्ष 2020 से 2023 (सितम्बर) तक उत्तर प्रदेश में आने वाले भारतीय एवं विदेशी पर्यटक/आगुन्तक
<table>
<tr><th rowspan="2">वर्ष</th><th rowspan="2">भारतीय</th><th rowspan="2">विदेशी</th><th rowspan="2">कुल योग</th><th colspan="3">विगत वर्ष के सापेक्ष वृद्धि प्रतिशत में।</th></tr>
<tr><th>भारतीय</th><th>विदेशी</th><th>कुल योग</th></tr>
<tr><td>1</td><td>2</td><td>3</td><td>4</td><td>5</td><td>6</td><td>7</td></tr>
<tr><td>2020</td><td>8,61,22,293</td><td>8,90,932</td><td>8,70,13,225</td><td>(-)83.92 %</td><td>(-)81.22%</td><td>(-)83.90%</td></tr>
<tr><td>2021</td><td>10,97,08,435</td><td>44,737</td><td>10,97,53,172</td><td>(+)27.39%</td><td>(-)94.97%</td><td>(+)26.14%</td></tr>
<tr><td>2022</td><td>31,79,13,587</td><td>6,48,986</td><td>31,85,62,573</td><td>(+)189.78%</td><td>(+)1350.6%</td><td>(+)190.25%</td></tr>
<tr><td>2023 (सितम्बर)</td><td>28,29,25,788</td><td>9,34,995</td><td>28,38,60,783</td><td>-</td><td>-</td><td>-</td></tr>
</table>
पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थलों पर पर्यटन अवस्थापना सुविधाओं को उपलब्ध कराने संबंधी परियोजनाएं पूर्ण कर जन उपयोगी बनायी जा चुकी हैं, जिनका लाभ पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं को प्राप्त हो रहा है।
</td></tr>
<tr><td>(ख) क्या पर्यटन के विकास हेतु सरकार द्वारा आगामी कोई कार्य योजना बनायी जायेगी ?</td><td>जी हां। प्रक्रियाधीन है।</td></tr>
<tr><td>(ग) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे?</td><td>प्रश्न नहीं उठता।</td></tr>
</table>

**जयवीर सिंह**
**मंत्री**